Downloaded from www.studiestoday.com

## अध्याय–5

# समकालीन दक्षिण एशिया

***स्मरणीय बिन्दु–***

बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका को मुख्यतः दक्षिण एशियाई क्षेत्र मानते हैं। इन क्षेत्रों की विशिष्ट भौगोलिक, सामाजिक भाषाई तथा सामाजिक, सांस्कृतिक एकता/समानता ने इनकी नजदीकियाँ बढ़ाई हैं।

2005 में अफगानिस्तान को भी शामिल किया गया व म्यांमार पर भी चर्चा की जाती है परन्तु चीन को इस क्षेत्र का प्रमुख राष्ट्र होते हुए भी दक्षिण एशिया का अंग नही माना जाता।

श्रीलंका सन् 1948 में स्वतन्त्र हुआ दक्षिण एशियाई क्षेत्रों में जातीय संघर्ष, सीमा–विवाद नदी जल के बंटवारे के विवाद तथा संसाधनों को लेकर झगड़े होते रहे है।

इस क्षेत्र में लोकतंत्र का रिकार्ड मिला–जुला रहा। इन देशों की जनता लोकतंत्र की आकांक्षाओं में सहभागी रही।

पाकिस्तान में दो सरकारों बेनजीर भुट्टो व नवाजशरीफ की सरकारों को छोड़ लोकतंत्र न रह सका जिसका कारण वहाँ सेना धर्मगुरू और भू–स्वामी अभिजनों के सामाजिक दबदबे को माना जाता है।

नेपाल में भी लोकतन्त्र व राजशाही की लम्बी जद्दोजहद के पश्चात भी लोकतन्त्र की जड़े मजबूत नहीं हो पाई।

श्रीलंका की राजनीति में सिंहली समुदाय काफी वर्चस्व रखता है। एक बड़ी आबादी इसके खिलाफ है। 1983 के बाद से उग्र लिट्टे के सभी ठिकानों पर श्रीलंकाई सेना ने कब्जा कर लिया है। तमिल संगठन 'लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम' श्रीलंकाई सेना के साथ सशस्त्र संघर्ष कर रहा है।

दक्षिण एशिया के राष्ट्रो ने मिलकर 1985 में दक्षेस (SAARC) का निर्माण किया।

क्षेत्र के दो राष्ट्रो भारत व पाकिस्तान के सम्बन्ध सदैव तनावपूर्ण रहे। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई. एस. आई पर बंगलादेश और नेपाल के गुप्त ठिकानों से पूर्वोत्तर भारत में भारत

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

विरोधी अभियानों में भागीदारी होने का आरोप लगता रहा है।

नेपाल व भारत के नागरिक, दोनो देशों के मधुर सम्बन्धों की वजह से एक दूसरे के यहाँ बगैर पासपोर्ट व वीजा के आ जा सकते है। इन सब के बावजूद भारत की सुरक्षा एजेंसिया नेपाल में चल रहे माओवादी आन्दोलनों को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानती है।

दक्षेस को विभेदों के कारण ज्यादा सफलता नहीं मिल पाती, संघर्ष चलते रहते है। इसके बावजूद भी ये देश आपसी दोस्ती के रिश्तों व सहयोग के महत्व को पहचानते व समझते है।

बांग्लादेश और भारत पूरब चलो की नीति का हिस्सा है।

2002 में 'दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार-क्षेत्र समझौते (SAFTA) पर हस्ताक्षर किये। 2006 में यह लागू अर्थात प्रभावी हो गया। 2007 में इन देशों के बीच आपसी व्यापार में लगने वाले सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत कम कर दिया गया।

**अन्य**

(1) बांग्लादेश मे 1991 के बाद से बहुदलीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था है।

(2) भूटान के राजा ने भी लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम की।

(3) भारत ने भूटान व मालदीव के आर्थिक विकास में मदद की। दोनों ही दक्षिण एशिया के सबसे शान्त प्रदेश है।

**एक अंकीय प्रश्न :-**

1. दक्षिण एशिया के दो देशों के नाम बताओ?
2. वर्ष 2005 में किस देश को सार्क का सदस्य बनाया गया?
3. सार्क देशों का प्रथम सम्मेलन कहां हुआ?
4. दक्षेस का मुख्यालय किस देश में है?
5. सार्क सम्मेलन की स्थापना कब हुई?
6. किन दो देशों में सैनिक व लोकतांत्रिक दोनों तरह का शासन रहा है।
7. शीतयुद्ध के बाद पाकिस्तान में किसके नेतृत्व में प्रथम लोकतांत्रिक सरकार बनी?
8. पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तान के विरुद्ध जन-संघर्ष किसने शुरू किया?
9. दक्षिण एशिया के किस देश में संवैधानिक राजतंत्र था?
10. श्री लंका बिट्रेन से कब स्वतंत्र हुआ।
11. श्री लंका की राजनीति में किस समुदाय का दबदबा है।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

12. भारत–श्री लंका समझौता कब हुआ।
13. दक्षिण एशिया के किस देश ने सबसे पहले अर्थ–व्यवस्था का उदारीकरण किया?
14. श्री लंका में कौन–सा उग्र तमिल संगठन कार्यरत है।
15. 1960 में भारत व पाकिस्तान ने किस संधि पर हस्ताक्षर किये।
16. मुक्त व्यापार संधि पर कब हस्ताक्षर हुए?

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. भारत, पाकिस्तान
2. अफगानिस्तान
3. बांग्लादेश की राजधानी (ढाका में)
4. (नेपाल) काठमांडू
5. दिसम्बर 1985
6. पाकिस्तान व बांग्ला देश
7. बेनजीर भुट्टो
8. शेख मुजीबुर्रहमान
9. नेपाल
10. 1948
11. सिंहली समुदाय
12. श्री लंका
14. लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम
15. सिंधु–जल–संधि।
16. फरवरी 2004 12वें दक्षेस सम्मेलन में।

**दो अंकीय प्रश्न :-**

1. पाकिस्तान में लोकतंत्र सफल न होने का क्या कारण है?
2. दक्षिण एशिया से क्या अभिप्राय है?
3. पाकिस्तान व बांग्लादेश में क्या समानता है?

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

4. पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने पश्चिमी पाकिस्तान का विरोध क्यों किया?
5. 'साफ्टा' को लेकर दक्षिण एशिया के अन्य देशों की आशंका को दूर करने के लिए भारत ने क्या कदम उठाया?
6. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद श्री लंका को किस समस्या का सामना करना पड़ा?
7. भारत-पाकिस्तान के बीच कौन से दो समझौते हुए?
8. SAARC और SAFTA का पूर्ण रूप लिखो।

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

2. यहां की सेना, धर्मगुरु और भू-स्वामी अभिजनों का सामाजिक दबदबा।
3. दोनों देशों में कभी लोकतंत्र तथा कभी सैनिक शासन रहा है।
4. पूर्वी पाकिस्तान पर उर्दू भाषा लादने तथा बंगाली भाषा तथा संस्कृति के साथ दुर्व्यहार।
5. – भारत ने दक्षेस देशों को बिना सीमा-शुल्क अदा किये अपने यहां तैयार माल बेचने का खुला आमंत्रण।
   – भारत ने भूटान, नेपाल और श्री लंका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता।
6. – श्री लंका में जातीय संघर्ष-भारतीय मूल के तमिल आजादी से पहले व बाद में भी श्री लंका में बसते रहे हैं।
   – श्री लंका में सिंहली समुदाय का दबदबा
   – तमिलों के प्रति-उपेक्षापूर्ण व्यवहार
7. – ताशकंद समझौता।
   – शिमला समझौता।
8. – साउथ एशियन एसोशिएशन फॉर रिजनल को-ऑपरेशन।
   – साउथ एशियन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट।

**चार अंकीय प्रश्न :-**


1. सार्क के सिद्धान्तों के विषय में बताइये।
2. ऐसे दो मसलों के नाम बताएं जिन पर भारत-बांग्लादेश के बीच आपसी सहयोग है और इसी तरह दो ऐसे मसलों के नाम बताएं जिन पर असहमति है।
3. भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में क्या समझौते हुए?

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

4. दक्षिण एशिया में द्विपक्षीय संबंधों को बाहरी शक्तियां कैसे प्रभावित करती हैं।

5. शिमला-समझौते के विषय में बताइये?




6. ऊपर दिये कार्टून को ध्यान से देखिए तथा निम्न प्रश्न दो

   क) प्रथम समीकरण में राष्ट्रपति की भूमिका में से जनरल की भूमिका को घटा क्या दिखाया गया है?

   ख) द्वितीय में जनरल की भूमिका में से राष्ट्रपति की भूमिका को घटा कर क्या दिखाया है।

   ग) तीसरे में राष्ट्रपति व जनरल को जोड़ कर क्या दिखाया है।

   घ) उपर्युक्त कार्टून क्या संदेश देता है?

**चार अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. - सदस्य राज्यों के आन्तरिक विषयों पर अहस्ताक्षेप।
   - क्षेत्रीय सहयोग प्रभुसत्ता, समानता तथा प्रादेशिक अखण्डता के आधार पर होगी।
   - सहयोग द्विपक्षीय व बहुपक्षीय न होकर अतिरिक्त सहयोग पर होगा?
   - गरीबी, अशिक्षा तथा कुपोषण आदि समस्याओं के समाधान।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

2. सहमति

- ब्रह्मपुत्र व गंगा नदी के जल बटवारे के लिए फरक्का संधि
- आतंकवाद पर सहमति

असहमति

- चकमा शरणार्थी
- भारत की सरकार पर चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में विद्रोह को हवा देना, बांग्लादेश के प्राकृतिक गैस में सेंधमारी

3.
- पाकिस्तान आतंकवाद को पाकिस्तान में पनपनें नहीं देगा।
- 2004 में श्रीनगर मुज्जफ्फराबाद के बीच बस सेवा की शुरुआत।
- भारत-पाक ने साहित्य, कला एवं संस्कृति तथा खिलाड़ियों को बीजा देने पर समझौता।
- आर्थिक तथा सांस्कृति क्षेत्रों में एक दूसरे की मदद।

4.
- दक्षिण एशिया विश्व के महत्वपूर्ण देशों को प्रभाव जमाने का प्रयास।
- भारत-पाक संबंधों पर अमेरिका का प्रभाव।
- चीन-पाकिस्तान साझेदारी तथा भारत-चीन संबंधों में रुकावट
- अमेरिका में दक्षिण एशियाई मूल के लोगों की संख्या, जनसंख्या बाजार इत्यादि।

5.
- 1971 में भारत-पाक युद्ध के बाद बांग्लादेश का निर्माण 3 जुलाई 1972 में दोनों देशों के प्रधानमंत्री के बीच समझौता।
- दोनों देश 30 दिन के अन्दर अपनी सीमाएं अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर लाना।
- एक-दूसरे की सीमा का उल्लंघन न करना।
- परस्पर विरोधाी प्रचार न करना।
- संबंधों को सुधारने का प्रयास।
- दोनों देश आर्थिक, व्यापारिक तथा सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग करना।

6.
क) प्रथम समीकरण में राष्ट्रपति की भूमिका में से जनरल की भूमिका को घटाकर दिखया गया है कि राष्ट्रपति की शक्तियां जीरो हैं।

ख) जनरल की भूमिका में से राष्ट्रपति की भूमिका को घटाकर यह दर्शाया गया है कि जनरल की शक्तियों फिर भी कायम हैं और राष्ट्रपति की शक्तियां जीरो हैं।

ग) तीसरे समीकरण यह बताया गया है कि जनरल चाहे तो शक्तियों में कर सकता है।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

घ) संदेश- पाकिस्तान में जनरल के रूप में परवेज मुशर्रफ की शक्तियां अधिक रही हैं क्योंकि वहां सेना का शासन है।

**छः अंकीय प्रश्न :-**

1. दक्षिण एशिया के देशों के बीच आर्थिक सहयोग की राह तैयार करने में दक्षेस (सार्क) की भूमिका और सीमाओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें। दक्षिण एशिया की बेहतरी में ''दक्षेस'' (सार्क) ज्यादा बड़ी भूमिका निभा सके, इसके लिए आप क्या सुझाव देंगे।

2. भारत-पाकिस्तान के मध्य हुए संघर्षों के प्रमुख घटकों के बारे में बताइये।

3. भारत के दक्षिण एशियाई देशों के साथ किस प्रकार के संबंध रहे हैं?

**छः अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-**

1. - दक्षेस (सार्क) की भूमिका- दक्षिण एशियाई देशों द्वारा बहुस्तरीय साधनों से आपस में सहयोग व संगठित समूह बनाना जिसकी शुरुआत 1985 में हुई।
   - 1 जनवरी 2006 को साफ्टा को लागू करना।
   - आर्थिक क्षेत्र में सार्क का महत्व- व्यापार को बढ़ावा एशियाई देशों की अर्थव्यवस्था में सुधार।

   सीमाएं
   - भारत-पाक कटु संबंध
   - साफ्टा को लेकर आशंका
   - आंतरिक अशांति व अस्थिरता।

   सुझाव
   - भारत-पाक संबंधों में विश्वास होना।
   - सार्क देशों में संधि, मित्रता तथा समानता होना।

2. - 1947-48 संघर्ष कश्मीर समस्या
   - 1965, 1971 तथा 1990 का भारत-पाक युद्ध
   - सियाचीन ग्लेशियर पर नियन्त्रण
   - अमेरिका द्वारा पाक को वित्तीय व सैनिक सहायता जिसे भारत अपने लिए खतरा मानता है।
   - सिंधु-जल-संधि

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

- कच्छ के रन में सरक्रिक की सीमाओं पर विवाद
- भारत का पोखरण में, पाकिस्तान का चगाई पहाड़ी में परमाणु परीक्षण।

3. - भारत–पाक संबंधों में शुरुआत से कटुता व अविश्वास
- बांग्लादेश के साथ मधुर संबंध
- श्री लंका के साथ जातीय संघर्ष को लेकर तनाव
- भारत भूटान तथा मालदीव के साथ अच्छे संबंध
- नेपाल के साथ मधुर संबंध परन्तु वर्तमान समय में नेपाल की सरकार में माओवादी के आने से कटुता आई है।

www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com